कार्यालय लोक सूचना अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर, हनुमानगढ़

अपील संख्या 61/2019 सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत

श्री जयवीर चौधरी पुत्र श्री अभयराम चौधरी निवासी वार्ड नम्बर 12 रावतसर जिला हनुमानगढ।

——अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी एवं अपर जिला कलक्टर, हनुमानगढ़।

——प्रत्यर्थी

आदेश दिनांकः—14.11.2019

यह अपील सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत लोक सूचना अधिकारी एवं अपर जिला कलक्टर, हनुमानगढ़ के विरूद्ध प्राप्त हुई। अपीलार्थी के अपील में अंकित तथ्यों के अनुसार आवेदन पत्र दिनांक 06.09.2019 द्वारा प्रत्यर्थी से सूचना चाही गई। सूचना नही मिलने पर अपीलार्थी द्वारा यह अपील की गई है।

पत्रावली का अवलोकन किया। लोक सूचना अधिकारी एवं अपर जिला कलक्टर, हनुमानगढ़ से पत्रांक 1099 दिनांक 25.10.2019 द्वारा प्राप्त जबाव का अवलोकन करने से पाया गया कि लोक सूचना अधिकारी एवं अपर जिला कलक्टर, हनुमानगढ़ द्वारा अपीलार्थी को पत्र क्रमाक 1085 दिनांक 21.10.2019 प्रेषित कर बिन्दु संख्या 2 के सम्बन्ध में पूर्व में जिला कलक्टर महोदय को प्रेषित प्रार्थना पत्र चाहे गये थे। प्रत्यर्थी के पत्रांक 1099 दिनांक 25.10.2019 के अनुसार अभी तक अप्राप्त है। इस प्रकार प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को सूचना के सम्बन्ध में सूचित किया जाना पाया गया है किन्तु अपीलार्थी ने वांछित दस्तावेजत प्रत्यर्थी को दिनांक 25.10.2019 तक उपलब्ध नही करवाये है। ऐसी स्थिति में अपीलार्थी को निर्देश दिये जाते है कि प्रत्यर्थी को वाछिंत प्रार्थना पत्रों की प्रतिलिपि शीघ्र उपलब्ध करवाये साथ ही लोक सूचना अधिकारी एवं अपर जिला कलक्टर, हनुमानगढ़ को भी निर्देश दिये जाते हैं कि अपीलार्थी द्वारा प्रार्थना पत्रों की प्रतिलिपि उपलब्ध करवाने के पश्चात 10 दिन में सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत अपीलार्थी को नियमानुसार सूचना उपलब्ध करवाई जावे। अतः अपीलार्थी की यह अपील उक्तानुसार निर्णित की जाती है। आदेश की प्रति दोनो पक्षो को भेजी जावे। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफतर की जावे।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
एवं जिला कलक्टर
हनुमानगढ़

सत्यमेव जयते
WBD Copy - Not Official